1. 'बायोग्राफिया लिटरेरिया' (Biographia Literaria) किसकी कृति है?

(A) मैथ्यू आर्नल्ड
(B) टी. एस. इलियट
(C) कॉलरिज
(D) आई. ए. रिचर्ड्स

2. अंग्रेजी शासनकाल में हिंदी के सम्बन्ध में 'आम फहम' और 'खास पसंद' भाषा का उपदेश किसने दिया?

(A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(B) राजा शिवप्रसाद 'सितारेहिन्द'
(C) बालमुकुन्द गुप्त
(D) राजा लक्ष्मणसिंह

3. 'बीती विभावरी जाग री। अंबर पनघट में डुबो रही तारा घट उषा नागरी।' - किसके द्वारा रचित काव्य-गीत है?

(A) नरेन्द्र शर्मा
(B) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
(C) सुमित्रानन्दन पंत
(D) जयशंकर प्रसाद

4. निम्नलिखित में से किस कहानी में संयुक्त परिवार की मर्यादा को प्रतिष्ठित किया गया है?

(A) ईदगाह
(B) बड़े घर की बेटी
(C) बूढ़ी काकी
(D) बड़े भाईसाहब

5. निम्नलिखित में से किस नाटक में वैदिककालीन पृथु की समस्याओं को नेहरू-युग की समस्याओं से जोड़ा गया है?

(A) प्रजा ही रहने दो
(B) काला राजा
(C) यमगाथा
(D) पहला राजा

6. 'दिलो-दानिश' - किसकी औपन्यासिक रचना है?

(A) मृदुला गर्ग
(B) कृष्णा सोबती
(C) नासिरा शर्मा
(D) मेहरुन्निसा परवेज

7. 'कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास, कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उसके पास।........' । - उपर्युक्त काव्यपंक्तियों के रचयिता हैं :

(A) केदारनाथ अग्रवाल
(B) त्रिलोचन
(C) मुक्तिबोध
(D) नागार्जुन

. निम्नलिखित में से कौन 'तारसप्तक' के कवि हैं?

(A) रामविलास शर्मा
(B) गिरिजाकुमार माथुर
(C) प्रभाकर माचवे
(D) उपरोक्त सभी

hpexams.in

9. निम्नलिखित में से कौन-सी कृति यम-नचिकेता की कहानी पर आधारित है?

(A) एक कंठ विषपायी
(B) आत्मजयी
(C) संशय की एक रात
(D) यमगाथा

10. प्रेमचंद के किस उपन्यास में दहेज की कुप्रथा और अनमेल विवाह का भीषण परिणाम दिखाया गया है?

(A) प्रतिज्ञा
(B) मंगलसूत्र
(C) निर्मला
(D) कायाकल्प

11. निम्नलिखित में से कौन-सी द्विवेदीयुगीन हिंदी कविता की प्रवृत्ति/ विशेषता नहीं है?

(A) प्रबन्धात्मकता
(B) वैयक्तिकता
(C) इतिवृत्तात्मकता
(D) उपदेशात्मकता

12. भारतेन्दु का कौन-सा नाटक 'नाट्यरासक वा लास्यरूपक' कहा जाता है?

(A) नीलदेवी (B) श्रीचन्द्रावली (C) भारतजननी (D) भारतदुर्दशा

13. 'जयचन्द के मूर्खतापूर्ण कुचक्र के कारण पृथ्वीराज के अन्त' का चित्रण किस नाट्य रचना में हुआ है?

(A) सज्जन (B) प्रायश्चित (C) करुणालय (D) विशाख

14. किस साहित्यकार ने अपनी आत्मकथा को 'स्मृति-यात्रा-यज्ञ' कहा है?

(A) रामविलास शर्मा
(B) हरिवंशराय बच्चन
(C) अमृतलाल नागर
(D) वृन्दावनलाल वर्मा

15. निम्नलिखित में से कौन-सा निबन्ध हजारीप्रसाद द्विवेदी का नहीं है?

(A) कल्पलता (B) अशोक के फूल (C) आलोकपर्व (D) रेती के फूल

16. 'ससि-बदनी यह नायिका, ताप हरति है जोय।'- उपर्युक्त काव्यपंक्ति में कौन-सा अलंकार है?

(A) परिकर (B) दृष्टान्त (C) व्याजस्तुति (D) पर्यायोक्ति

17. 'निस्संदेह' शब्द में कौन-सी संधि है?

(A) स्वर संधि (B) व्यंजन संधि (C) विसर्ग संधि (D) संयुक्त संधि

18. 'कारवां' किसका एकांकी-संग्रह है?

(A) भुवनेश्वर प्रसाद
(B) रामकुमार वर्मा
(C) उदयशंकर भट्ट
(D) उपेन्द्रनाथ अश्क

19. 'मौन भी अभिव्यंजना है जितना तुम्हारा सच है उतना ही कहो।' - अनुभूति और अभिव्यक्ति में अद्वैत स्थापित करने वाला यह कथन किसका है?

(A) मुक्तिबोध (B) धर्मवीर भारती (C) अज्ञेय (D) रघुवीर सहाय

20. 'परम अभिव्यक्ति लगातार घूमती है जग में पता नहीं जाने कहाँ, जाने कहाँ वह है।' - ये काव्यपंक्तियाँ किस कवि की हैं?

(A) मुक्तिबोध
(B) केदारनाथ अग्रवाल
(C) कुंवर नारायण
(D) भारतभूषण अग्रवाल

21. निम्नलिखित मध्यकालीन कवियों का रचनाकाल की दृष्टि से सही अनुक्रम है :

(A) देव, बिहारी, मतिराम, पद्माकर
(B) बिहारी, मतिराम, पद्माकर, देव
(C) मतिराम, देव, बिहारी, पद्माकर
(D) बिहारी, मतिराम, देव, पद्माकर

22. प्रकाशन काल की दृष्टि से महादेवी वर्मा की काव्य रचनाओं का सही अनुक्रम है :

(A) नीहार, नीरजा, दीपशिखा, रश्मि
(B) नीहार, रश्मि, नीरजा, दीपशिखा
(C) रश्मि, नीरजा, नीहार, दीपशिखा
(D) नीरजा, नीहार, रश्मि, दीपशिखा

23. प्रकाशन काल की दृष्टि से रामधारी सिंह दिनकर की काव्यरचनाओं का सही अनुक्रम है :

(A) कुरुक्षेत्र, रश्मिरथी, उर्वशी, परशुराम की प्रतीक्षा
(B) रश्मिरथी, उर्वशी, कुरुक्षेत्र, परशुराम की प्रतीक्षा
(C) कुरुक्षेत्र, उर्वशी, परशुराम की प्रतीक्षा, रश्मिरथी
(D) उर्वशी, कुरुक्षेत्र, रश्मिरथी, परशुराम की प्रतीक्षा.

24. प्रकाशन काल की दृष्टि से हिंदी उपन्यासों का सही अनुक्रम है :

(A) त्यागपत्र, नदी के द्वीप, आधा गांव, तमस
(B) आधा गांव, नदी के द्वीप, तमस, त्यागपत्र
(C) नदी के द्वीप, तमस, आधा गांव, त्यागपत्र
(D) त्यागपत्र, आधा गांव, नदी के द्वीप, तमस

25. हिंदी कविता की विकासात्मक समझ के साथ निम्नलिखित काव्यप्रवृत्तियों/विशेषताओं का सही अनुक्रम चुनिए:

(A) इतिवृत्तात्मकता, मध्यकालीनता और आधुनिकता का द्वन्द्व, शोषण के विरुद्ध संघर्ष, प्रेम जनित सूक्ष्म भावों की अभिव्यक्ति ।
(B) मध्यकालीनता और आधुनिकता का द्वन्द्व, प्रेम जनित सूक्ष्म भावों की अभिव्यक्ति, इतिवृत्तात्मकता, शोषण के विरुद्ध संघर्ष ।
(C) मध्यकालीनता और आधुनिकता का द्वन्द्व, इतिवृत्तात्मकता, प्रेम जनित सूक्ष्म भावों की अभिव्यक्ति, शोषण के विरुद्ध संघर्ष
(D) मध्यकालीनता और आधुनिकता का द्वन्द्व, शोषण के विरुद्ध संघर्ष, इतिवृत्तात्मकता, प्रेम जनित सूक्ष्म भावों की अभिव्यक्ति ।

26. कौन सा दर्रा लाहौल और स्पिति को जोड़ता है?

(A) पिन पार्वती (B) पाडरी (C) तामसर (D) कुंजम

27. कौन सा हिमनद भागा और मियार नदियों को पानी देता है?

(A) दूधौन (B) मुल्कीला (C) पार्वती (D) शिगड़ी

28. निम्नलिखित में से किसका प्रयोग ऊनी कपड़ों को धोने के काम आता है?

(A) संदन (B) सिम्बल (C) ड्रेक (D) रीठा

29. ट्राउट मछली के संवर्धन की सुविधाएं हिमाचल प्रदेश के रोहड़ू क्षेत्र में कहां है?

(A) क्रासा (B) झड़ग (C) शीत (D) चिड़गांव

30. निम्नलिखित में कौनसी घाटी कुल्लू जिले में नहीं है?

(A) जरी (B) तीर्थन (C) सैंज (D) बल्ह

31. वैदिक साहित्य में व्यास नदी को किस नाम से पुकारा गया है?

(A) परुष्णी (B) असीकनी (C) आर्जिकिया (D) सन्दरु

32. लाहौल किस वर्ष के आस पास चम्बा लाहौल और ब्रिटिश लाहौल में बंट गया ?

(A) 1840-41 (B) 1846-47 (C) 1849-50 (D) 1864-65

33. राजा जगत सिंह और राजा रूप सिंह, जिन्होंने 1641-42 के आस पास मुगल शासकों के विरुद्ध विद्रोह किया, किस रियासत के राजा थे?

(A) कांगड़ा (B) नूरपुर (C) गुलेर (D) सिब्बा

34. 1911 ईस्वी में आयोजित दिल्ली दरबार में कहलूर रियासत के किस राजा ने भाग लिया?

(A) खड़क चन्द (B) बिजय चन्द (C) अमर चन्द (D) भीम चन्द

35. चित्रकार शोभासिंह का संग्रहालय किस स्थान पर है?

(A) अंद्रेटा (B) नग्गर (C) केलांग (D) चम्बा

36. दिसम्बर, 2015 के आस पास किस देश ने अपना विश्व बैंक बनाया?

(A) जापान (B) अमरीका (C) चीन (D) साउदी अरब

37. सितम्बर, 2016 के आस पास माइकल टेमर किस देश के राष्ट्रपति बनाए गए?

(A) कोलम्बिया (B) ब्राज़ील (C) इटली (D) आस्ट्रेलिया

38. पुलित्जर पुरस्कार किस क्षेत्र में योगदान के लिए दिया जाता है?

(A) साहित्य (B) चिकित्सा विज्ञान (C) गणित (D) जीव विज्ञान

39. वेलेंटाइन्स दिवस किस दिन मनाया जाता है?

(A) जनवरी, 12 (B) फरवरी, 14 (C) मई, 16 (D) जुलाई, 28

40. क्षेत्रफल के आधार पर विश्व में सबसे बड़ा देश कौनसा है?

(A) रूस (B) कनाडा (C) चीन (D) संयुक्त राज्य अमेरीका

41. बनस्थली विद्यापीठ भारत के किस राज्य में है?

(A) बिहार (B) ओडिशा (C) उत्तराखण्ड (D) राजस्थान

42. कॉफी का सबसे अधिक उत्पादन भारत के किस राज्य में होता है?

(A) केरल (B) कर्नाटक (C) तामिलनाडू (D) गोवा

43. भारत के किसी भी अर्द्धसैनिक बल की अध्यक्षता करने वाली पहली महिला अधिकारी कौन है?

(A) किरण बेदी (B) अर्चना राम सुन्दरम् (C) दुर्गा ठाकुर (D) इनमें से कोई नहीं

44. किस ग्रह का नाम समुद्र के देवता के नाम पर रखा गया है?

(A) विनस (B) यूरेनस (C) सैटर्न (D) नेप्चयून

45. रक्त के परिसंचरण (ब्लड सर्कुलेशन) की खोज किसने की?

(A) विलियम हार्वे (B) एडवर्ड जेनर (C) लूई पाश्चर (D) लीवन हाक

46. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का 'हिंदी साहित्य का इतिहास' सर्वप्रथम किस की भूमिका में प्रकाशित हुआ था?

(A) नागरी प्रचारिणी पत्रिका (B) हिंदी साहित्य सम्मेलन पत्रिका
(C) हिंदी शब्द सागर (D) हिंदी साहित्यकोश

47. 'साहित्य जनता की चित्त वृत्ति का संचित प्रतिबिम्ब होता है'। - यह कथन किस का है?

(A) मिश्रबन्धु (B) रामचन्द्र शुक्ल
(C) हजारीप्रसाद द्विवेदी (D) महावीर प्रसाद द्विवेदी

48. निम्नलिखित में से कौन-सी भाषा संविधान की आठवीं अनुसूची में सम्मिलित नहीं है?

(A) भोजपुरी (B) मैथिली (C) संस्कृत (D) नेपाली

49. 'ष' वर्ण का उच्चारण स्थान है :

(A) मूर्धन्य (B) ओष्ठ्य (C) दन्त्य (D) कंठ्य

50. 'औरत' शब्द किस भाषा का है?

(A) हिन्दी (B) फारसी (C) पंजाबी (D) अरबी

51 एक या अधिक अक्षरों से बनी हुई स्वतंत्र सार्थक ध्वनि को क्या कहते हैं?

(A) शब्द (B) वर्ण (C) अव्यय (D) वाक्य

52 वस्तुओं के विषय में विधान करने वाले शब्द को क्या कहते हैं?

(A) क्रिया
(B) क्रिया विशेषण
(C) संबंधसूचक
(D) समुच्चय बोधक

53 जिस समास में दूसरा शब्द प्रधान रहता है, वहाँ कौन-सा समास होता है?

(A) अव्ययीभाव (B) तत्पुरुष (C) द्वन्द्व (D) बहुव्रीहि

54 'न' किस वर्ग का व्यंजन है?

(A) पवर्ग (B) टवर्ग (C) चवर्ग (D) तवर्ग

55 निम्नलिखित में से कौन-सी उपभाषा राजस्थानी हिंदी की नहीं है?

(A) मारवाड़ी (B) मगही (C) मेवाती (D) मालवी

56 'बुंदेली' किस हिंदी की बोली है?

(A) बिहारी हिंदी
(B) पूर्वी हिंदी
(C) राजस्थानी हिंदी
(D) पश्चिमी हिंदी

57. कितने वर्षों के हिंदी साहित्य के इतिहास को आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने चार कालों में विभक्त किया है?

(A) 900 वर्ष (B) 1050 वर्ष (C) 1375 वर्ष (D) 1700 वर्ष

58. 'पद्मावती समय' किस काव्य रचना का अंश है?

(A) बीसलदेव रासो
(B) खुमान रासो
(C) पृथ्वीराज रासो
(D) हम्मीर रासो

59. जगनिक के 'आल्हा' वीर गीत किस ऋतु में गाए जाते हैं?

(A) वसन्त ऋतु में
(B) वर्षा ऋतु में
(C) ग्रीष्म ऋतु में
(D) शरद् ऋतु में

60. 'कुमारपालप्रतिबोध' गद्य-पद्यमय संस्कृत-प्राकृत काव्य के लेखक हैं:

(A) सोमप्रभ सूरि
(B) हेमचंद्र
(C) जैनाचार्य मेरुतुंग
(D) विद्याधर

61. ''गीतावली' की रचना गोस्वामीजी ने सूरदास के अनुकरण पर की है। बाललीला के कई एक पद ज्यों के त्यों सूरसागर में भी मिलते हैं, केवल 'राम' 'श्याम' का अंतर है।''- यह कथन किस आलोचक का है?

(A) नन्ददुलारे वाजपेयी
(B) माताप्रसाद गुप्त
(C) रामचन्द्र शुक्ल
(D) ब्रजेश्वर वर्मा

62. अष्टछाप के कवि किस दार्शनिक मत के मानने वाले थे?

(A) अद्वैतवाद (B) शुद्धाद्वैतवाद (C) द्वैताद्वैतवाद (D) विशिष्टाद्वैतवाद

63. 'रासपंचाध्यायी' किस की रचना है?

(A) सूरदास (B) नन्ददास (C) कुंभनदास (D) कृष्णदास

64. मीराबाई की उपासना किस प्रकार की थी?

(A) सख्यभाव की
(B) दास्यभाव की
(C) शान्तभाव की
(D) माधुर्यभाव की

65. 'अमिय, हलाहल, मदभरे, सेत, स्याम रतनार। जियत, मरत, झुकि झुकि परत, जेहि चितवत इकबार।।' - उपर्युक्त दोहे के रचयिता हैं :

(A) बोधा
(B) आलम
(C) रसनिधि
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

66 विराग उत्पन्न होने पर वृन्दावन जाकर घनानन्द किस सम्प्रदाय के वैष्णव हो गए?

(A) वल्लभ सम्प्रदाय
(B) निंबार्क सम्प्रदाय
(C) चैतन्य सम्प्रदाय
(D) रामानुज सम्प्रदाय

67 मनोहर किस सूफी काव्य का कथा-नायक है?

(A) चित्रावली (B) इंद्रावती (C) मृगावती (D) मधुमालती

68 'अजगर करे न चाकरी, पंछी करे न काम। दास मलूका कहि गए, सब को दाता राम।।'
आलसियों का यह मूलमंत्र देने वाले मलूकदास किस काव्यधारा के कवि थे?

(A) प्रेमाश्रयी निर्गुण काव्यधारा (B) ज्ञानाश्रयी निर्गुण काव्यधारा
(C) रामभक्ति सगुण काव्यधारा (D) कृष्णभक्ति सगुण काव्यधारा

69 "खेती न किसान को, भिखारी को न भीख, बलि बनिक को बनिज न चाकर को चाकरी।
जीविका विहीन लोग सिद्यमान सोच बस कहैं, एक एकन सौं - कहाँ जाई का करी।।"
उपर्युक्त काव्यपंक्तियों के रचयिता है :

(A) तुलसीदास (B) नाभादास (C) अग्रदास (D) सूरदास

70 'कर्म जोग पुनि ज्ञान उपासन सब ही भ्रम भरमायो। श्री बल्लभ गुरु तत्व सुनायो लीला भेद बतायो।।' - उपर्युक्त काव्यपंक्तियों में उद्धृत लीलातत्व जानने का आत्मसाक्ष्य किस कवि का है?

(A) नन्ददास (B) परमानन्ददास
(C) कुंभनदास (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

71 खड़ीबोली का प्रथम महाकाव्य है?

(A) साकेत (B) लोकायतन
(C) कामायनी (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

72 निम्नलिखित में से कौन-सा नाटक लाला श्रीनिवासदास का नहीं है?

(A) दमयंती स्वयंवर (B) तप्ता संवरण
(C) रणधीर प्रेममोहिनी (D) संयोगिता स्वयंवर

73 "हम कौन थे, क्या हो गये हैं और क्या होंगे अभी आओ, विचारें आज मिलकर ये समस्याएँ सभी।" --- राष्ट्रीय भावना और जागरण-स्वर की प्रधानता से युक्त उपर्युक्त काव्यपंक्तियों के रचयिता कौन हैं?

(A) रामधारीसिंह दिनकर (B) माखनलाल चतुर्वेदी
(C) बालकृष्ण शर्मा नवीन (D) मैथिलीशरण गुप्त

74 निम्नलिखित में से कौनसी काव्य रचना मुख्यतः स्त्री-जीवन की विडम्बना को चित्रित करती है?

(A) शेरसिंह का शस्त्र समर्पण (B) पेशोला की प्रतिध्वनि
(C) प्रलय की छाया (D) अशोक की चिन्ता

75 निम्नलिखित में से निराला की कौन-सी काव्य-रचना प्रगतिवादी विचार-दर्शन से प्रभावित है?

(A) राम की शक्तिपूजा (B) कुकुरमुत्ता (C) तुलसीदास (D) सरोज-स्मृति

76 "मैं बचपन को बुला रही थी, बोल उठी बिटिया मेरी, नन्दनवन-सी फूल उठी, यह छोटी-सी कुटिया मेरी।" - हृदय को प्रभावित करने वाली वात्सल्य अनुभूति से युक्त यह कविता किसकी है?

(A) सुभद्राकुमारी चौहान
(B) महादेवी वर्मा
(C) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
(D) मैथिलीशरण गुप्त

77 मिथक के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

(A) मिथक की बहुस्तरीय अर्थकता साहित्यिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है।
(B) कवि समयों में भी मिथकीय विशेषताओं का विधान माना गया है।
(C) मिथक अतीत से अपने को अलग करने का उपक्रम है।
(D) मिथक में कथात्मकता की प्रवृत्ति अन्तर्भुक्त रहती है।

78 'सामूहिक अवचेतन' सिद्धान्त के प्रतिपादक थे :

(A) कार्ल मार्क्स
(B) कार्ल गुस्ताव युंग
(C) फ्रायड
(D) आई. ए. रिचर्ड्स

79 अपने साहित्यकार साथियों के संस्मरणात्मक रेखाचित्र महादेवी वर्मा ने अपनी किस पुस्तक में लिखे हैं?

(A) अतीत के चलचित्र
(B) स्मृति की रेखाएँ
(C) पथ के साथी
(D) मेरा परिवार

80 निम्नलिखित में से कौन-सा गीतिनाट्य सुमित्रानन्दन पंत द्वारा रचित है?

(A) मत्स्यगंधा
(B) शिल्पी
(C) एक कंठ विषपायी
(D) अग्निलीक

81 'उत्तर प्रियदर्शी' किसकी रचना है?

(A) धर्मवीर भारती
(B) भारतभूषण अग्रवाल
(C) लक्ष्मीनारायण लाल
(D) सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय'

82 शब्द की जिस शक्ति से उसके सांकेतिक अथवा प्रसिद्ध अर्थ का बोध हो, वहाँ कौन-सी शब्द-शक्ति होती है?

(A) अभिधा (B) लक्षणा (C) व्यंजना (D) शुद्धारूढ़ा लक्षणा

83 जब एक ही शब्द एक ही अर्थ में अनेक बार प्रयुक्त हो तथा किसी आकस्मिक भाव को प्रकट करे, तो वहाँ कौन-सा अलंकार होता है?

(A) अनुप्रास
(B) वीप्सा
(C) पुनरुक्तिप्रकाश
(D) यमक

84 'शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्' अर्थात् शब्द और अर्थ का सहित भाव ही काव्य है' - किसका कथन है?

(A) आचार्य भामह
(B) आचार्य विश्वनाथ
(C) आचार्य रुद्रट
(D) आचार्य कुन्तक

85. 'विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद् रसनिष्पत्तिः'- आचार्य भरत के इस रससूत्र की व्याख्या सर्वप्रथम किस आचार्य ने की?

(A) आचार्य अभिनवगुप्त
(B) आचार्य भट्टनायक
(C) आचार्य श्रीशंकुक
(D) आचार्य भट्टलोल्लट

Answer Key to the post of **Lecturer (School New) – Hindi examination** held on : 23.08.2020

**Series : A**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1:C | 2:B | 3:A | 4:C | 5:D | 6:A | 7:A | 8:B | 9:D |
| 10:B | 11:D | 12:A | 13:C | 14:B | 15:A | 16:C | 17:B | 18:B |
| 19:D | 20:D | 21:B | 22:D | 23:B | 24:A | 25:D | 26:D | 27:A |
| 28:D | 29:C | 30:B | 31:A | 32:C | 33:B | 34:C | 35:B | 36:D |
| 37:A | 38:B | 39:A | 40:D | 41:C | 42:B | 43:D | 44:B | 45:D |
| 46:B | 47:D | 48:D | 49:B | 50:C | 51:B | 52:D | 53:B | 54:B |
| 55:D | 56:A | 57:C | 58:A | 59:C | 60:A | 61:D | 62:B | 63:A |
| 64:A | 65:C | 66:D | 67:B | 68:D | 69:D | 70:D | 71:C | 72:B |
| 73:B | 74:C | 75:A | 76:C | 77:B | 78:A | 79:B | 80:A | 81:D |
| 82:B | 83:B | 84:D | 85:A | | | | | |

**Series : B**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1:B | 2:D | 3:B | 4:A | 5:D | 6:D | 7:A | 8:D | 9:C |
| 10:B | 11:A | 12:C | 13:B | 14:C | 15:B | 16:D | 17:A | 18:B |
| 19:A | 20:D | 21:C | 22:B | 23:D | 24:B | 25:D | 26:B | 27:D |
| 28:D | 29:B | 30:C | 31:B | 32:D | 33:B | 34:B | 35:D | 36:A |
| 37:C | 38:A | 39:C | 40:A | 41:D | 42:B | 43:A | 44:A | 45:C |
| 46:D | 47:B | 48:D | 49:D | 50:D | 51:C | 52:B | 53:B | 54:C |
| 55:A | 56:C | 57:B | 58:A | 59:B | 60:A | 61:D | 62:B | 63:B |
| 64:D | 65:A | 66:C | 67:B | 68:A | 69:C | 70:D | 71:A | 72:A |
| 73:B | 74:D | 75:B | 76:D | 77:A | 78:C | 79:B | 80:A | 81:C |
| 82:B | 83:B | 84:D | 85:D | | | | | |

**Series : C**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1:C | 2:B | 3:D | 4:B | 5:D | 6:B | 7:D | 8:D | 9:B |
| 10:C | 11:B | 12:D | 13:B | 14:B | 15:D | 16:A | 17:C | 18:A |
| 19:C | 20:A | 21:D | 22:B | 23:A | 24:A | 25:C | 26:D | 27:B |
| 28:D | 29:D | 30:D | 31:C | 32:B | 33:B | 34:C | 35:A | 36:C |
| 37:B | 38:A | 39:B | 40:A | 41:D | 42:B | 43:B | 44:D | 45:A |
| 46:C | 47:B | 48:A | 49:C | 50:D | 51:A | 52:A | 53:B | 54:D |
| 55:B | 56:D | 57:A | 58:C | 59:B | 60:A | 61:C | 62:B | 63:B |
| 64:D | 65:D | 66:B | 67:D | 68:B | 69:A | 70:D | 71:D | 72:A |
| 73:D | 74:C | 75:B | 76:A | 77:C | 78:B | 79:C | 80:B | 81:D |
| 82:A | 83:B | 84:A | 85:D | | | | | |

**Series : D**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1:D | 2:B | 3:D | 4:D | 5:D | 6:C | 7:B | 8:B | 9:C |
| 10:A | 11:C | 12:B | 13:A | 14:B | 15:A | 16:D | 17:B | 18:B |
| 19:D | 20:A | 21:C | 22:B | 23:A | 24:C | 25:D | 26:A | 27:A |
| 28:B | 29:D | 30:B | 31:D | 32:A | 33:C | 34:B | 35:A | 36:C |
| 37:B | 38:B | 39:D | 40:D | 41:B | 42:D | 43:B | 44:A | 45:D |
| 46:D | 47:A | 48:D | 49:C | 50:B | 51:A | 52:C | 53:B | 54:C |
| 55:B | 56:D | 57:A | 58:B | 59:A | 60:D | 61:C | 62:B | 63:D |
| 64:B | 65:D | 66:B | 67:D | 68:D | 69:B | 70:C | 71:B | 72:D |
| 73:B | 74:B | 75:D | 76:A | 77:C | 78:A | 79:C | 80:A | 81:D |
| 82:B | 83:A | 84:A | 85:C | | | | | |

Answer Key